# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

भू– तल, ब्लॉक–6, डॉ.एस. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर।

फोन नं: 0141–2708487 E-Mail:- swshecell@hotmail.com फैक्स न

क्रमांक : F.5 (4) (134)/RCScE/SWSHE/SBSV Act./2017/ 9347 दिनांक : 30/8/19

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं
पदेन जिला परियोजना समन्वयक
समग्र शिक्षा अभियान,
जिला– समस्त।

विषयः समस्त राजकीय विद्यालयों में 1 से 15 सितम्बर 2019 तक स्वच्छता पखवाडा आयोजित करने के क्रम में।

सन्दर्भ : संयुक्त शासन सचिव (SE-II) मानव संसाधन विकास मंत्रालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत सरकार का पत्रांक D.O.No. F.27-6/ 19-Is-9 दिनांक 14 जुलाई 2019।

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं भारत सरकार के सन्दर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि समस्त राजकीय विद्यालयों में 1 से 15 सितम्बर 2019 तक स्वच्छता पखवाडा का आयोजन किया जाना है। विधालयों में स्वच्छता की गतिविधियों के दैनिक पर्यवेक्षण हेतु प्रभारी शिक्षक एवं कक्षावार स्वच्छता मॉनिटर नामित किए जाए। विधालय में आयोजित गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्र–छात्राओं, शिक्षकों व समुदाय के सदस्यो की समेकित जिलेवार सूचना संलग्न प्रपत्र में एवं श्रेष्ठ फोटोग्राफ, वीडियों को प्रतिदिन परिषद की **SWSHE CELL** की **E-mail ID** **swshecell@hotmail.com** पर भिजवाया जाना सुनिश्चित किया जाए। विद्यालयों में स्वच्छता पखवाडा के दौरान आयोजित की जानेवाली गतिविधियों का दिवसवार विवरण निम्नानुसार हैः–

➢ **दिनांक 01 सितम्बर व 02 सितम्बर 2019 (रविवारं व सोमवार)**

**स्वच्छता शपथ दिवस**

- दिनांक 2 सितम्बर 2019 को विद्यालय में स्वच्छता शपथ दिवस आयोजित किया जाये। इसमें विद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्र–छात्राओं सहित संस्था प्रधान, समस्त शिक्षक/शिक्षिका एवं अन्य सहयोगी कर्मचारी प्रातः प्रार्थना सत्र में शपथ ग्रहण कार्यक्रम में भाग लेगें। प्रार्थना सत्र में छात्र–छात्राओं को स्वच्छता पर बोलने के लिए प्रेरित किया जाए। **स्वच्छता शपथ हेतु शपथ पत्र साथ में संलग्न है।**
- कक्षा अभ्यास के तहत व्यक्तिगत/विद्यालय/सामुदाय/घर की स्वच्छता के लिए प्रत्येक छात्र–छात्रा एक गतिविधि का चयन करें ।
- संस्था प्रधान द्वारा छात्र–छात्राओं को स्वच्छता की आदतों व आवश्यकता पर प्रार्थना सत्र में सम्बोधन/मार्गदर्शन प्रदान किया जाए।
- स्वच्छता से सम्बन्धित सन्देशों को विद्यालय में पोस्टर बनवा कर प्रदर्शित किया जाए।

➢ **दिनांक 03 सितम्बर 2019 ( मंगलवार )**

**स्वच्छता जागरुकता दिवस**

- दिनांक 03 सितम्बर 2019 को विद्यालय में एस.एम सी/एस.डी.एम.सी शिक्षक–अभिभावक मिटिंग का आयोजन कर साफ–सफाई एवं स्वच्छता के महत्व के बारे में चर्चा कर बच्चों, शिक्षकों तथा समुदाय को विद्यालय व घर में स्वच्छता का वातावरण विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जायें।
- विद्यालय के शिक्षकों द्वारा विद्यालय में स्वच्छता संबंधी सुविधाओं (शौचालय, मूत्रालय, कूडादान, पानी की टंकी/टांका इत्यादि) का निरीक्षण किया जाये और आवश्यकतानुसार शौचालयों की स्वच्छता व क्रियाशीलता हेतु प्रस्ताव/योजना बनायी जाए।

- विद्यालय में वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान का आयोजन कर शौचालय की साफ–सफाई, मिड डे मील किचन, कक्षा–कक्ष, पानी की टंकी/टांका, विद्यालय परिसर में लगी झाडियों की सफाई एवं आस–.पास के क्षेत्र की साफ–सफाई करवायी जाए।
- स्वच्छता की आदतों के विकास के लिए कैम्प आयोजित किए जाए। अपने आस–पास स्वच्छता रखने, प्लास्टिक से होने वाले नुकसान, खुले में शौच से मुक्ति, जंगलों की कटाई से होने दुष्प्रभावों, पेयजल के दुरूपयोग, धूल धुऑ रहित हवा तथा पर्यावरण को नुकसान पहुँचाने वाली गतिविधियों की रोकथाम के लिए जागरूकता विकसित की जाए।

➢ **दिनांक 04 व 05 सितम्बर 2019 (बुधवार तथा गुरुवार)**

**सामुदायिक सहभागिता दिवस**

- सभी शिक्षकों द्वारा समुदाय में स्वच्छता के सन्देशों के प्रचार–प्रसार के लिए समीपस्थ गॉवों में जाकर स्थानीय निवासियों को शौचालय के नियमित उपयोग, कचरे के उचित निष्पादन के तरीकों, पेयजल के दुरूपयोग की रोकथाम के .उपायों तथा जल संरक्षण हेतु चलाए जा रहे जल शक्ति अभियान की जानकारी दी जाए।
- विद्यालय में शिक्षक दिवस का अच्छे तरीके से आयोजन किया जाए।
- विद्यालय में सामुदायिक सहभागिता से स्वच्छता अभियान चलाया जाए।
- स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से स्वच्छता पखवाडा के उद्देश्यो का स्थानीय समुदाय में प्रचार– प्रसार किया जाए ।
- स्वच्छता सन्देशों के साथ जागरूकता के लिए रैली निकाली जाए।

➢ **दिनांक 06 सितम्बर 2019 (शुक्रवार )**

**हरित विद्यालय अभियान**

- विद्यालय में पर्यावरण के प्रति जागरूकता विकसित की जाए। विद्यालय में कचरा एकत्र करने हेतु दो प्रकार के कूडेदान (नीले और हरे रंग) उपलब्ध कराए जाए। नीले रंग के कूडेदान में जिनका पुनर्चक्रण (रिसाईकल) किया जा सके तथा हरे रंग के कूडेदान में उन वस्तुओ को डाला जाए जिनका पुनर्चक्रण (रिसाईकल) नहीं किया जा सकता हैं। इस प्रक्रिया द्वारा छात्र–छात्राओं को अपशिष्टों के वर्गीकरण के बारे में समझाया जाए।
- विद्यालय तथा आस–पास में वृक्षारोपण करवा कर छात्र–छात्राओं को पेड–पौधों की देखरेख के लिए प्रेरित किया जाए।
- शौचालय उपयोग उपरान्त हाथ धोने, खाने के बर्तन धोने के बेकार पानी का उपयोग पौधों एवं बाल वाटिकाओं को विकसित करने में किया जाए।
- इस दिवस पर ग्रीन हाऊस गैसों के .प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से विद्यालय संस्था प्रधान अपने निर्धारित नियमानुसार विद्यालय सम्पतियों का रिकार्ड इन्द्राज करवाकर सभी प्रकार की बेकार वस्तुओं यथा टूटा फर्नीचर, अनुपयोगी औजार, बेकार सामग्री इत्यादि को विद्यालय परिसर/कार्यालय से हटवाना सुनिश्चित करें।

➢ दिनांक 07 सितम्बर 2019 (शनिवार)

स्वच्छता सहभागिता दिवस

- विद्यालय में छात्र–छात्राओं के लिए स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से सम्बन्धित विषयों पर निबन्ध/प्रश्नोत्तरी, चित्रकला, वाद–विवाद, स्वच्छता मेला तथा कविता/नारा लेखन का आयोजन किया जाए। वाद विवाद प्रतियोगिता में गांधी जी एवं स्वच्छता पर बल दिया जाए।

➢ दिनांक 08 व 09 सितम्बर 2019 (रविवार व सोमवार )

➢ हाथ धुलाई दिवस

- दैनिक जीवन में सही तरीके से हाथ धोने के महत्व की जानकारी देकर छात्र–छात्राओं को भोजन से पूर्व व पश्चात साबुन से हाथ धोने की प्रक्रिया समझाई जाए।
- दिव्यांग छात्र/छात्राओं के लिए विद्यालय में पेयजल एवं शौचालय सुविधा तक बाधा रहित पहुँच सुनिश्चित करने की व्यवस्था की जाएं।
- हाथ धोने की सुविधा के बेकार पानी का उपयोग विद्यालय के बगीचे में किया जाए।
- पानी के दुरूपयोग को रोका जाए।

➢ दिनांक 10 सितम्बर 2019 (मंगलवार)

व्यक्तिगत स्वच्छता दिवस

- विद्यालय में आडियो विडियो कार्यक्रम के माध्यम से समस्त छात्र–छात्राओं एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं व स्टॉफ को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया जाए।
- विद्यार्थियों को नाखूनों की कटाई तथा उनकी स्वच्छता रखनें के बारे में उचित जानकारी प्रदान की जाए।
- स्वच्छता व साफ–सफाई सें स्वास्थ्य पर पडने वाले सकारात्मक प्रभावों से छात्र–छात्राओं को अवगत कराए तथा स्वच्छता से सम्बन्धित सामग्री यथा पोस्टर, किताबे, ब्रोशर भी प्रदर्शित किए जाए।
- कक्षा 6 से 12 में अध्ययनरत छात्राओं को माहवारी स्वच्छता प्रबन्धन की जानकारी प्रदान की जाए।

➢ दिनांक 11 सितम्बर 2019 (बुधवार )

स्वच्छता ही सेवा दिवस

- विद्यालय के समस्त विद्यार्थियो को साथ लेकर "स्वच्छता ही सेवा दिवस 2019" आयोजित किया जाए।
- कक्षा 3 से 5 के छात्र–छात्राओ के लिए विद्यालय में साबुन से हाथ धोने के अभ्यास का अभियान चलाया जाए।
- कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियो से विद्यालय के अन्दर श्रमदान करवाया जाए।
- कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियो से विद्यालय के बाहर स्वच्छता अभियान अन्तर्गत श्रमदान करवाया जाए।

- दिनांक 12 सितम्बर 2019 (गुरूवार)

**विद्यालय स्वच्छता प्रर्दशनी दिवस**

- विद्यालय में स्वच्छता प्रर्दशनी का आयोजन कर स्वच्छता गतिविधियों के फोटोग्राफ, चित्रकला, कार्टुन्स, स्लोगन इत्यादि को प्रदर्शित किया जाए। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं के अभिभावकों व समुदाय के लोगो को प्रर्दशनी को देखने के लिए आमंत्रित किया जाए।
- स्वच्छता पखवाडा से सम्बन्धित गतिविधियों का जिला कार्यालय द्वारा विद्यालयों में सम्पादित की गई उत्कृष्ट गतिविधियों का दस्तावेजीकरण किया जाए।
- विद्यालय स्तर पर स्वच्छता हेतु पुनःचक्रित होने वाली साम्रगी से कचरा पात्र बनाए जाए तथा उन पर चित्रकारी करवा कर स्थानीय कल्चर का प्रचार प्रसार किया जाए।

- दिनांक 13 सितम्बर 2019 (शुक्रवार)

**स्वच्छता कार्यवाही दिवस**

- बाल सभा का आयोजन कर स्वच्छता पखवाडा अन्तर्गत विद्यालय में आयोजित की गई स्वच्छता की गतिविधियों पर चर्चा की जाए तथा विद्यालय को अधिक बेहतर बनाने के लिए ओर क्या गतिविधियाँ की जा सकती है उन पर विचार किया जाए।
- छात्र–छात्राओं में व्यक्तिगत, सामुदायिक, भौतिक, मानसिक तथा पर्यावरणीय स्वच्छता से सम्बन्धित जागरूकता विकसित की जाए ।
- स्वच्छ विद्यालय परिसर एवं शौचालयों के रख–रखाव पर पंचायत, ब्लॉक एवं जिला स्तर पर स्वच्छता प्रतियोगिता का आयोजन किया जाए।
- विद्यालय पेयजल स्त्रोंतो की स्वच्छता की जांच कर विद्यार्थियों को पेयजल के स्वच्छ एवं सुरक्षित भण्डारण के तरीकों के प्रति जागरूक किया जाए।
- विद्यार्थियों को शौचालयों एवं पेयजल सुविधाओं के स्वच्छतापूर्वक उपयोग एवं नियमित रख–रखाव के तरीकों की जानकारी दी जाए।

- दिनांक 14 व 15 सितम्बर 2019 (शनिवार व रविवार)

**पत्र लेखन दिवस**

- विद्यार्थियों से स्थानीय पंचायत/नगर निकाय/SMC को विद्यालय भवन, परिसर, शौचालयों एवं पेयजल सुविधा के रख–रखाव हेतु पत्र लिखवाए जाऐं।
- छात्र–छात्राऐ स्वच्छ परिवेश हेतु अपने अभिभावकों से अपेक्षा तथा स्वच्छता पखवाडा के दौरान सीखी गई नई जानकारियों से अभिभावकों को परिचित कराने हेतु पत्र लिखें।
- संस्था प्रधान विद्यालय से एक सर्वश्रेष्ठ पत्र, चित्रकला व निबन्ध की प्रति जिला शिक्षा अधिकारी को एवं जिला शिक्षा अधिकारी जिले की तीन सर्वश्रेष्ठ पत्र, चित्रकला व निबन्ध की प्रति रा. स्कू. शि. प. की swshe cell को 20 सितम्बर 2019 तक आवश्यक रुप से भिजवाएगें। राज्य स्तर से श्रेष्ठ तीन प्रविष्ठियों को मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार को भिजवाया जाएगा।

- **दिनांक 14 सितम्बर 2019 (शनिवार )**

  **पुरस्कार वितरण दिवस**

  - विद्यालय में स्वच्छता पर आयोजित चित्रकला,वाद–विवाद व निबन्ध लेखन प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र– छात्राओं को अभिभावकों की उपस्थिति में पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाए।
  - स्वच्छता पखवाडा के दौरान विद्यालय में स्वच्छता से सम्बन्धित की गई श्रेष्ठ गतिविधियों के फोटोग्राफ, विडियों व बच्चो द्वारा तैयार संदेशो को संग्रहित कर जिला परियोजना कार्यालय को भिजवाया जाए। जिलें से श्रेष्ठ तीन प्रविष्टयों को परिषद कार्यालय को भिजवाया जाए जिन्हें भारत सरकार की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

अतः उपरोक्तनुसार स्वच्छता पखवाडा आयोजित करते हुए प्रगति रिपोर्ट मय फोटोग्राफ, विडियोज संलग्न प्रारूपं में प्रतिदिन सांय 5 बजे तक राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की swshe cell को ई मेल swshecell@hotmail.com पर अनिवार्य रुप से उपलब्ध करावें।

**संलग्नः स्वच्छता शपथ एवं रिपोर्टिंग फार्मेट**

(डॉ.एन.के.गुप्ता)
**राज्य परियोजना निदेशक**

प्रतिलिपी सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –

1. निजी सचिव, संयुक्त सचिव, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शास्त्री भवन नई दिल्ली– 110115।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
3. निजी सचिव, आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
4. निजी सहायक, राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा अभियान, जयपुर।
5. निदेशक, प्रारम्भिक / माध्यमिक शिक्षा बीकानेर को भेजकर अनुरोध है कि समस्त जिलाधिकारियों कों पत्र में उल्लेखित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित करें ।
6. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान, जिला–समस्त।
7. श्री रूषभ हिमानी, वॉश स्पेशलिस्ट, यूनिसेफ,जयपुर।
8. रक्षित पत्रावली

27/8/19
(हरभान मीणा)
**अति.राज्य परियोजना निदेशक–II**

# प्रतिज्ञा

मैं सत्यनिष्ठा से यह प्रतिज्ञा करता हूँ/करती हूँ कि मैं स्वयं स्वच्छ रहूगाँ/रहूँगी। मैं विद्यालय, घर तथा आस–पास स्वच्छता रखूँगा/रखूँगी और अन्य लोगो को भी स्वच्छता रखने के लिए प्रेरित करुँगा/करुँगी ।

मैं खुले मे शौच नहीं करुँगा/करुँगी साथ ही अन्य लोगो को भी शौचालय के निर्माण, नियमित उपयोग एवं स्वच्छता हेतु प्रेरित करुँगा/करुँगी ।

मैं विद्यालय के शौचालय को उपयोग उपरान्त साफ रखूँगा/रखूँगी । मैं शौच के उपरान्त तथा भोजन से पूर्व साबुन से हाथ धोऊँगा/धोऊँगी तथा अपने साथियों एवं परिवार जनों को भी इसके लिए प्रेरित करुँगा/करुँगी ।

स्वच्छ एवं तन्दुरुस्त रहना तथा स्वच्छता बनाए रखना मेरा ध्येय है। मैं इसे प्राप्त करने की प्रतिज्ञा करता/करती हुँ।

## जय हिन्द !

Please note the following instructions:

1) This tracker has to be updated DAILY by 8 pm from 30th August 2019 to 15th September 2019 by all Districts
2) For each activity, not more than 10 high resolution photographs and 2 high resolution videos (not exceeding 3 minutes each) per districts need to be shared in swshecell@hotmail.com
3) Publicity material created for each activity (such as posters/ pamphlets etc.) also needs to be shared
4) For Swachhta Shapath Day, photographs and Videos of the Shapath needs to be shared
5) For the Swachhta Participation Day, high quality scans of samples of good paintings and essays need to be shared to swshecell@hotmail.com (other than photos and videos) for school, district level
6) For the Letter Writing Day, high quality scans of samples of good letters need to be shared to swshecell@hotmail.com (other than photos and videos)

| S.No. | Name of Blocks | No. of Govt/ Govt. Aided Schools in the district (as on 30th Aug 2019) | No. of Teachers in the Govt/ Govt. Aided Schools in the district (as on 30th Aug 2019) | No. of Students in Govt./ Govt. Aided Schools in the district (as on 30th Aug 2019) | Swachhta Shapath Day | | Swachhta Awareness Day | Community Out reach Day | Green School Drive | Swachhta Participation Day - School Level Competition | | | | | | Hand Wash Day | Personal Hygiene Day | Swachhata hi Seva(SHA) Day | Swachhta School Exhibition Day | Swachhta Action Day | Letter Writing Day | Other Activities | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | No. of schools which participated | No. of students who took the Shapath | No. of schools which participated | No. of schools which participated | No. of schools which participated | No. of schools which participated | No. of students who participated in the painting competition (class 1-5) | No. of students who participated in the essay writing competition (class 6-8) | No. of students who participated in the essay writing competition (class 9-12) | Photos, videos, publicity material shared to swshw cell on (Yes/ No) | High quality scans of samples of good essays (10 sample essays per district) | No. of schools which participated | No. of schools which participated | No. of schools which participated | No. of schools which participated | No. of schools which participated | No. of schools which participated | Name of the Activity | No. of schools which participated |
| | | 30-08-19 | 30-08-19 | 30-08-19 | 01-02/09/2019 | | 03-09-19 | 04-05/09/2019 | 06-09-2019 | 07-09-2019 | | | | | | 08-09/09/2019 | 10-09-2019 | 11-09-19 | 12-09-2019 | 13-09-19 | 14-15/092019 | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |